FORTUNA PR

Publication	Samachar Jagat	Date	6-8-2017	Page No.	09
Client Name	Kamdhenu	Edition	Jaipur		

'कामधेनू नेक्स्ट' स्टील टीएमटी बार लांच

अगले वर्ष तक उत्पादन क्षमता को 3.6 लाख एमटी तक करने का लक्ष्य

जयपुर। कामधेनू लिमिटेड ने शनिवार को राजस्थान में नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनू नेक्स्ट को बाजार में बिक्री के लिए उतारा। कंपनी के निदेशक सुनील अग्रवाल तथा कंपनी के वरिष्ठ जनरल मैनेजर मार्केटिंग दिलीप मेहरा ने इस नए उत्पाद को पेश किया।

सुनील अग्रवाल ने बताया कि कामधेनू नेंक्स्ट का अनूठा डबल रिब डिज़ाइन, जबरदस्त ताकत और प्रत्यास्थता इसे आम स्टील बार की तुलना में बेहतरीन बनाते हैं। इसका शानदार डिजाइन कॉन्क्रीट मिक्स के साथ बेहतर इंटरलॉक बनाकर इमारत को मजबूती देता है। जिससे इमारत भूकम्प एवं इसी तरह के अन्य प्रभावों से भी सुरक्षित रहती है। ऐसे में यह पुल, फ्लाईओवर, बांध, थर्मल एवं हाइडल प्लान्ट, ओद्योगिक टॉवर, गगनचुम्बी इमारतों, अंडरग्राउण्ड प्लेटफॉर्म बनाने के लिए एकदम उपयुक्त है। जो 2.5 गुना मजबूत कॉन्क्रीट-स्टील इंटरलॉक बनाता है। उन्होंने कहा कि हम अगले साल तक राज्य में अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ा कर 3.6 लाख मीट्रिक टन प्रतिवर्ष की योजना बना रहे हैं।

राज्य के स्टील बाजार में हमारी वर्तमान हिस्सेदारी लगभग 25 प्रतिशत है और कामधेनू एनएक्सटी के लांच के साथ उम्मीद है कि अगले वर्ष तक हमारी हिस्सेदारी बढ़कर 35-40 प्रतिशत हो जाएगी। इस अवसर पर कंपनी के राजस्थान में सहायक महाप्रबंधक राजीव माथुर सहित राजस्थान के 300 से ज्यादा डीलर उपस्थित थे।